SANSCO SERVICES - An Reports Li Services - www.sansco.net

98
YEARS OF
Quality Banking

वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2003 - 2004

ग्राहकों के प्रति सेवा भाव
Customer Care

उच्च प्रौद्योगिकीयुक्त बैंकिंग उत्पाद
Hi-tech Banking Products

ऋण उत्पाद
Loan Products

जमा उत्पाद
Deposit Products

बैंकाश्योरेंस उत्पाद
Bancassurance Products



टीम भावना से कार्य
Team Work

कार्पोरेशन बैंक

Corporation Bank

A Premier Government of India Enterprise

www.reportjunction.com

SANSCO SERVICES - Annual Reports Library Services - www.sansco.net

श्री के. चेरियन वर्गीज़
Shri K. Cherian Varghese

निदेशक मण्डल
THE BOARD OF DIRECTORS

श्री पी.के. गुप्ता
Shri P.K. Gupta

श्री जी.आर. सुमन
Shri G. R. Summan

श्रीमती उमा शंकर
Smt. Uma Shankar



श्री चि. हनुमंत राव
Shri Ch. Hanumantha Rao



श्री डी.एन. प्रकाश
Shri D.N. Prakash

श्री रमेश चंदर चाँदीवाला
Shri Ramesh Chander Chandiwala



श्री वी.के. चान्ना
Shri V.K. Chanana



श्री के.के.जी. पिल्लै
Shri K.K.G. Pillai



श्री दुष्यंत त्यागी
Shri Dushyant Tyagi

श्री एस. रवि
Shri S. Ravi



श्री रमाकांत वशिष्ठ
Shri Ramakant Vashishtha

श्री के. अच्युत पै
Shri K. Achutha Pai

महा प्रबंधक
GENERAL MANAGERS

श्री एम.वी. नायर
Shri M.V. Nair

श्री एम.डी. मल्या
Shri M.D. Mallya



श्री एम. नरेन्द्र
Shri M. Narendra

श्री ए. मोहन राव
Shri A. Mohan Rao



श्री के.आर. कामत
Shri K.R. Kamath



श्री वी.ए. मेंडोंसा
Shri V.A. Mendonsa

श्री आर.के. नायर
Shri R.K. Nair

www.reportjunction.com

SANSCO SERVICES - Annual Reports Library Services - www.sansco.net

वार्षिक रिपोर्ट Annual Report 2003-2004

विषय - सूची CONTENTS

अध्यक्ष का अभिभाषण Chairman's Statement	2
सूचना Notice	6
निदेशकों की रिपोर्ट Directors' Report	12
प्रबंधन-वर्ग का विवेचन एवं विश्लेषण Management Discussion & Analysis	24
कार्पोरेट अभिशासन पर रिपोर्ट Report on Corporate Governance	40
बैंक का दस वर्ष का निष्पादन Ten Years' Performance of the Bank	69
तुलन-पत्र एवं लाभ-हानि लेखा Balance Sheet and Profit & Loss Account	70
निष्पादन की विशिष्टताएँ Performance Highlights 2003-04	106
समेकित तुलन-पत्र एवं लाभ-हानि लेखा Consolidated Balance Sheet and Profit & Loss Account	107
कार्पबैंक होम्स लि. के लेखे Accounts of Corpbank Homes Ltd.	131
कार्पबैंक सिक्युरिटीज़ लि. के लेखे Accounts of Corpbank Securities Ltd.	154
संबंधित अधिनियमों और विनियमों के उद्धरण Extracts of Relevant Acts and Regulations	190
उपस्थिति पर्ची Attendance Slip	203
ईसीएस अधिदेश ECS Mandate	205
प्रॉक्सी फार्म Proxy Form	207
नामांकन फार्म Nomination Form	209
घोषणा पत्र Declaration Form	211

लेखा-परीक्षक

सुदित के. पारेख एण्ड कं.
राव एण्ड कुमार
शांतमूर्ति एण्ड कं.
एस. मोहन एण्ड कं.
बी. त्यागराजन एण्ड कं.
शंकर एण्ड मूर्ति

Auditors

Sudit K. Parekh & Co.
Rao & Kumar
Shanthamurthy & Co.
S. Mohan & Co.
B. Thiagarajan & Co.
Sankar & Moorthy

रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट

कार्वी कन्सेलटेन्ट्स लिमिटड
46, एवेन्यू 4
स्ट्रीट नं. 1
बंजारा हिल्स
हैदराबाद - 500 034
दूर: 040 - 23312454
23320751
फैक्स: 040-23311968

Registrar & Share Transfer Agent

Karvy Consultants Ltd.
46, Avenue 4
Street No. 1
Banjara Hills
Hyderabad - 500 034
Tel: 040 - 23312454
23320751
Fax : 040-23311968

www.reportjunction.com

SANSCO SERVICES - Annual Reports Library Services - www.sansco.net

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की ओर से

प्रिय शेयरधारकों,

आपके बैंक की सातवीं वार्षिक सामान्य बैठक में आपका स्वागत करते हुए मुझे प्रसन्नता हो रही है। आपके बैंक की वर्ष 2003-04 की वार्षिक रिपोर्ट आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे हर्ष हो रहा है।

2. देश में बैंकिंग उद्योग में लगातार चुनौतियों एवं बढ़ते प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण के बावजूद आपके बैंक ने वर्ष 2003-04 के दौरान उत्साहजनक निष्पादन दर्ज किया। गुणवत्तात्मक ऋण आस्तियों के विस्तार हेतु तीव्र विपणन, जमाराशियों की लागत में पुनः कटौती, निवल ब्याज मार्जिन (एन आई एम) का विवेकपूर्ण प्रबंधन एवं प्रभावी ट्रेजरी प्रबंधन ने वर्ष के दौरान मुख्य वित्तीय मानदंडों के तहत आपके बैंक को अपना निष्पादन सुधारने में सहायता प्रदान की।

3. आपके बैंक का सकल लाभ 6.4% की वृद्धि दर्ज करते हुए रु.907.04 करोड़ हो गया है। निवल लाभ गत वर्ष की तुलना में 21.2% की वृद्धि दर्ज करते हुए रु.504.13 करोड़ हो गया। समग्र लाभप्रदता स्थिति को ध्यान में रखते हुए निदेशक मंडल ने भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुमोदन के अध्यधीन वर्ष 2003-04 हेतु 30% का अन्तिम लाभांश प्रस्तावित किया है । पहले ही प्रदत्त 30% अंतरिम लाभांश सहित वर्ष हेतु कुल लाभांश 60% है ।

4. आपके बैंक ने शेयरधारकों के धन में पर्याप्त वृद्धि की है । वर्ष के दौरान आपके बैंक की निवल मालियत में 16.8% की वृद्धि हुई एवं गत वर्ष के रु.2,370.20 करोड़ के मुकाबले यह रु.2,768.65 करोड़ रही। आपके बैंक की निरंतर प्रगति प्रतिशेयर अर्जन (ईपीएस) तथा प्रति शेयर वही मूल्य (बीवीपीएस) दोनो में झलकती है । गत वर्ष के दौरान के क्रमशः रु 29.00 तथा रु 165.23 के मुकाबले इस वर्ष के ईपीएस एवं बीवीपीएस क्रमशः रु.35.15 तथा रु.193.02 हो गया।

5. आपके बैंक का कुल कारोबार रु.37,000 करोड़ की उपलब्धि पार करते हुए रु.37,080.65 करोड़ हो गया। वर्ष के दौरान उच्च लागत वाली जमाराशियों को न लेने के आपके बैंक के निर्णय को देखते हुए आपके बैंक की जमाराशियों ने गत वर्ष के मुकाबले 6.8% की अल्प वृद्धि दर्ज की एवं रु.1,466.36 करोड़ की समग्र वृद्धि दर्ज की एवं रु. 23,190.93 करोड़ रहीं। निवल अग्रिम 15.5% की वृद्धि दर्ज करते हुए रु.1860.55 करोड़ की वृद्धि के साथ रु.13,889.72 करोड़ हो गए।

6. यथा 31 मार्च 2004 को आपके बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) 18.5% से बढ़कर 20.11% हो गया।

7. यथा 31.03.2004 को आपके बैंक की निवल गैर निष्पादक आस्तियां रु.249.89 करोड़ थीं जबकि गत वर्ष की समाप्ति पर ये रु.198.39 करोड़ थीं। 90 दिनों के मानदण्डों के प्रारंभ के बावजूद, बैंक के निवल अग्रिमों के मुकाबले निवल एनपीए के अनुपात में यथा 31-03-2003 के 1.65% की तुलना में 31-03-2004 को थोड़ी सी वृद्धि के साथ 1.80% रहा।

8. आपके बैंक ने बैंक की दोनों संपूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगियों अर्थात कार्प बैंक होम्स लि. तथा कार्प बैंक सिक्यूरिटीज़ लि. सहित समूह के वित्तीय विवरण समेकित किये हैं। समेकित परिचालनगत लाभ रु. 962.92 करोड़ रहा तथा वर्ष 2003-04 में निवल लाभ रु. 530.83 करोड़ रहा।

9. बैंक की एक आवासीय अनुषंगी कार्प बैंक होम्स लि. ने रु.15 करोड़ की इक्विटी पूंजी पर 31 मार्च, 2004 को समाप्त वर्ष के लिए रु. 5.63 करोड़ का निवल लाभ (पीएटी) दर्ज किया। सरकारी प्रतिभूतियों की प्राथमिक डीलर, कार्प बैंक सिक्यूरिटीज़ लि. ने रु. 100 करोड़ की इक्विटी पूँजी पर 31 मार्च, 2004 को समाप्त वर्ष के लिए रु. 46.98 करोड़ का निवल लाभ (पीएटी) दर्ज किया।

10. दक्षता के विश्वव्यापी मानक प्राप्त करने की दिशा में आपके बैंक ने उत्तम कार्पोरेट अभिशासन की संहिता अपनायी है और यूएस गैप के तहत बैंक के वित्तीय विवरण पुनः प्रकट कर रहा है।

11. आपके बैंक ने ग्राहकों को अतिरिक्त सेवा से लाभान्वित करने के उद्देश्य से कई नवोन्मेषी एवं ग्राहकानुकूल उत्पाद तथा सेवाएं प्रस्तुत करते हुए वर्ष के दौरान अपनी प्रौद्योगिकी पहल जारी रखी । इंटरनेट बैंकिंग सुविधा, जिसका अधिकाधिक उपयोग कार्पोरेट ग्राहकों तथा साथ ही खुदरा ग्राहकों द्वारा किया जा रहा है, को चालू वर्ष के दौरान 134 अतिरिक्त शाखाओं के ग्राहकों को उपलब्ध कराया गया जिसके फलस्वरूप 509 शाखाओं के ग्राहकों को यह सुविधा प्रदान की जा सकी । चालू वर्ष के दौरान आपके बैंक की 246 शाखाओं एवं 9 विस्तार काउंटरों का कंप्यूटरीकरण किया गया जिसके फलस्वरूप आपके बैंक की सभी कार्यात्मक इकाईयों (722 शाखाओं एवं 86 विस्तार काउंटरों) का पूर्णतः कंप्यूटरीकरण किया जा चुका है । प्रत्यक्ष कर हेतु आनलाईन कर लेखा प्रणाली को सुसाध्य बनाने हेतु टीवीए एवं कोर

www.reportjunction.com

SANSCO SERVICES - Annual Reports Library Services - www.sansco.net

FROM THE CHAIRMAN AND MANAGING DIRECTOR

Dear Shareholders,

I am immensely happy to extend a hearty welcome to you to the Seventh Annual General Meeting of your Bank. It is my privilege to place before you the Annual Report of your Bank for the year 2003-04.

2. Inspite of increasingly competitive environment and continued challenges in the banking industry in the country, your Bank has recorded encouraging performance during the year 2003-04. Intensive marketing for expansion of quality credit assets, further reduction in cost of deposits, prudent management of Net Interest Margin (NIM) and effective treasury management enabled your Bank to improve its performance during the year, under the key financial parameters.

3. The Gross Profit of your Bank improved to Rs.907.04 crore, registering a growth of 6.4%. The Net Profit increased to Rs.504.13 crore, recording a growth of 21.2% over the previous year. Keeping in view the overall profitability position, the Board of Directors have proposed a final dividend of 30% for the year 2003-04, subject to approval of Reserve Bank of India. Including the interim dividend of 30% paid earlier, the total dividend for the year is 60%.

4. Your Bank added substantial value to the shareholders' wealth. The net worth of your Bank increased by 16.8% during the year and stood at Rs.2,768.65 crore, as against Rs.2,370.20 crore during the previous year. The continued good earnings of your Bank are reflected in terms of steep increase in both Earnings per Share (EPS) and Book Value per Share (BVPS). The EPS and BVPS improved to Rs.35.15 and Rs.193.02 respectively during the year, compared to Rs.29.00 and Rs.165.23 respectively during the previous year.

5. Your Bank's total business crossed another mile stone mark of Rs.37,000 crore and stood at Rs.37,080.65 crore. In view of your Bank's decision not to contract higher cost deposits during the year, the deposits of your Bank recorded a moderate growth of 6.8% and an absolute growth of Rs.1,466.36 crore over the previous year and stood at Rs.23,190.93 crore. The net advances increased by Rs.1,860.55 crore to reach Rs.13,889.72 crore, registering a growth of 15.5%.

6. As on 31st March 2004, the Capital Adequacy Ratio (CAR) of your Bank improved from 18.5% to 20.11%.

7. The Net NPA of your Bank as on 31.03.2004 was Rs. 249.89 crore compared to Rs.198.39 crore as at the end of the previous year. Inspite of introduction of 90 days norms, the ratio of Net NPA to Net Advances of the Bank increased only marginally to 1.80% as on 31.03.2004, from 1.65% as on 31.03.2003.

8. Your Bank has consolidated the financials of the group including the two wholly owned subsidiaries of the Bank viz. Corpbank Homes Ltd. and Corpbank Securities Ltd. The consolidated operating profit stood at Rs.962.92 crore and the net profit was Rs.530.83 crore for the year 2003-04.

9. Corpbank Homes Ltd. a housing subsidiary of the Bank, recorded a Net Profit (PAT) of Rs.5.63 crore for the year ended 31st March 2004 on equity capital of Rs.15 crore. Corpbank Securities Ltd., a primary dealer in Government securities recorded a Net Profit (PAT) of Rs.46.98 crore for the year ended 31st March 2004, on equity capital of Rs.100 crore.

10. In the direction of attaining global standards of efficiency, your Bank has adopted the code of good Corporate Governance and has been restating the Bank's Financial Statements under US GAAP.

11. Your Bank continued its technology initiatives during the year by offering several innovative and tailor made products and services, with the ultimate objective of delivering value to the customers. Internet Banking facility which is increasingly being used by the corporate clients and also by the retail customers, has been extended to the customers of 134 additional branches during the current financial year thereby providing the facility to the customers of 509 branches. During the current year, 246 branches and 9 Extension Counters of your Bank were computerised, thereby achieving total computerisation of all the functional units [722 branches and 86 Extension Counters] of your Bank. An Online Tax Accounting System [OLTAS] Module integrated with the TBA and Core Banking Packages to facilitate

www.reportjunction.com

SANSCO SERVICES - Annual Reports Library Services - www.sansco.net

बैंकिंग पैकेजों के साथ एकीकृत करते हुए ऑनलाईन टैक्स एकाउंटिंग सिस्टम (ओएलटीएएस) मोड्यूल का परिचालन शुरू किया गया है ।

12. सार्वजनिक क्षेत्र में आपके बैंक का दूसरा सबसे बड़ा आन-लाईन एवं अंतरसंबद्ध एटीएम नेटवर्क है। परिवर्तनों एवं ग्राहक अधिमानताओं के अनुरूप एटीएम नेटवर्क में तेज़ी लाकर आपके बैंक ने देश में फैले एटीएमों की कुल संख्या को 660 तक बढ़ाते हुए वर्ष 2003-04 के दौरान 185 अतिरिक्त एटीएमों का परिचालन एवं नेटवर्क शुरू किया है । बैंक ने आपके बैंक के एटीएमों के माध्यम से भारतीय जीवन बीमा निगम की जीवन बीमा पोलिसियों के प्रीमियम के भुगतान को साध्य बनाने हेतु 'कार्प एनी टाईम प्रीमियम' का प्रारंभ किया है ।

13. वर्ष 2002-03 के दौरान आपके बैंक ने ओरिएन्टल बैंक ऑफ कामर्स, कर्नाटक बैंक लिमिटेड, बैंक ऑफ राजस्थान लिमिटेड, देना बैंक एवं इलाहाबाद बैंक के साथ आपके बैंक के एटीएम नेटवर्क को शेयर करने हेतु ताल-मेल व्यवस्था की थी। इसके अतिरिक्त वीसा इन्टरनेशनल के साथ ताल मेल व्यवस्था के माध्यम से आपके बैंक के एटीएमों को किसी भी वीसा डेबिट/ क्रेडिट कार्ड धारकों द्वारा परिचालन हेतु सक्षम बनाया गया है। आपके बैंक ने वर्ष 2003-04 के दौरान आंध्र बैंक, आईएनजी वैश्य बैंक लिमिटेड तथा इंडस इंड बैंक के साथ बैंक के एटीएम नेटवर्क की भागीदारी हेतु समझौता किया है। आपका बैंक जनवरी, 2004 में यूरोनेट द्वारा प्रबंधित "कैशनेट" शेयर्ड एटीएम नेटवर्क का सदस्य बन गया है। यह व्यवस्था सदस्य बैंकों के कार्डधारकों को कैशनेट शेयर्ड नेटवर्क के तहत 2500 से अधिक एटीएमों में लेनदेन करने की सुविधा प्रदान करती है। वर्तमान में इस नेटवर्क के तहत अन्य सदस्यों में सिटी बैंक, डेवलपमेंट क्रेडिट बैंक, यूटीआई बैंक तथा आईडीबीआई बैंक शामिल हैं।

14. आपका बैंक ग्राहक सुविधा में वृद्धि हेतु प्रौद्योगिकी का उत्तम उपयोग करता आया है । आपके बैंक ने वर्ष 2003-04 के दौरान इन्सटीट्यूट फॉर डेवलपमेन्ट एण्ड रिसर्च इन बैंकिंग टेकनोलॉजी, हैदराबाद (आईडीआरबीटी)से **बेस्ट बैंक-डिलिवरी चेनल्स अवार्ड** प्राप्त किया है।

15. उपरोक्त के अतिरिक्त आपके बैंक ने वर्ष 2003-04 के दौरान कई अवार्ड भी प्राप्त किए। "दि एशियन बैंकर" सिंगापुर, एशिया की एक प्रतिष्ठित बैंकिंग पत्रिका ने आपके बैंक को **एशिया में दूसरा सबसे सुदृढ़ [एवं भारत में सबसे सुदृढ़ बैंक]** का दर्जा दिया है । अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा वाली पत्रिका 'फोर्ब्स ग्लोबल', हांगकांग ने आपके बैंक को **एक बिलियन यूएस डॉलर से कम के टर्नओवर वाली यू एस के बाहर दुनिया भर की सर्वोत्तम 200 कंपनियों में से एक** का दर्जा दिया। दि बिजिनेस टुडे - केपीएमजी सर्वेक्षण ने आपके बैंक को सर्वोत्तम सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक का दर्जा दिया । आपके बैंक को अर्न्स्ट एण्ड यंग के सहयोग से निजी वित्त पत्रिका-आउटलुक मनी द्वारा स्थापित **"बेस्ट पब्लिक सेक्टर बैंक अवार्ड"** भी प्राप्त हुआ है।

16. भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के साथ रणनीतिक गठबंधन के अनुरूप आपके बैंक ने अब तक एलआईसी परिसरों में 102 आउटलेट खोले हैं जिसमें 25 शाखाएँ, 24 विस्तार काऊंटर एवं 53 एटीएमों की स्थापना की गई है।

17. आपके बैंक की अन्तर्निहित शक्ति कार्प बैंक परिवार के सदस्यों का उत्साह, समर्पण, उत्कृष्टता हेतु धैर्य एवं उच्च अभिप्रेरणा स्तर है। मैं आपके बैंक के सभी कर्मचारी एवं अधिकारियों की प्रशंसा करता हूँ जिन्होंने इस निष्पादन को संभव बनाया।

आपका

के. चेरियन वर्गीज़

8 मई, 2004

(के. चेरियन वर्गीज़)

www.reportjunction.com

SANSCO SERVICES - Annual Reports Library Services - www.sansco.net

Online Tax Accounting System for Direct Taxes has been made operational.

12. Your Bank has the second largest on-line and interconnected ATM network in the public sector. With the accelerated thrust for ATM network in tune with the changes and customer preferences, your Bank has operationalised and networked 185 additional ATMs during the year 2003-04, bringing the total number of ATMs to 660, across the country. The Bank has introduced 'Corp Any Time Premium' facilitating payment of premium on life policies of Life Insurance Corporation of India, through your Bank's ATMs.

13. During the year 2002-03, your Bank had entered into tie-up arrangements with Oriental Bank of Commerce, Karnataka Bank Ltd., Bank of Rajasthan Ltd., Dena Bank & Allahabad Bank for sharing the ATM network of your Bank. Besides, through a tie up with VISA International, your Bank's ATMs are enabled for operation by any VISA debit/credit cardholders. Your Bank also entered into agreements for sharing of the Bank's ATM network with Andhra Bank, ING Vysya Bank Ltd. and Indus Ind Bank Ltd. during the year 2003-04. Your Bank has become a member of "Cashnet" shared ATM network managed by Euronet in January 2004. The arrangement enables cardholders of the member banks to conduct transactions at over 2500 ATMs under the Cashnet shared network. At present the other members under the network include Citibank, Development Credit Bank, UTI Bank and IDBI Bank.

14. Your Bank has been putting technology to the best use to enhance customer convenience. Your Bank has won the **Best Bank - Delivery Channels Award** from the Institute for Development and Research in Banking Technology, Hyderabad (IDRBT) during the year 2003-04.

15. Besides the above, your Bank also received several awards during the year 2003-04. 'The Asian Banker', Singapore, one of the reputed Banking Magazines in Asia, rated your Bank as the **Second Strongest Bank in Asia [and the Strongest in India]**. Further, the 'Forbes Global', Hongkong, a magazine of international repute, rated your Bank as **one of the Best 200 Companies worldover outside the US** having turnover under a billion US $. The 'Business Today - KPMG survey' rated your Bank as the **Best Public Sector Bank.** Your Bank also bagged the **Best Public Sector Bank** Award instituted by the personal finance magazine - Outlook Money - in association with Ernst & Young.

16. In terms of strategic alliance with Life Insurance Corporation of India (LIC), the Bank has so far opened 102 outlets, comprising of 25 Branches, 24 Extension Counters and installed 53 ATMs.

17. The inherent strength of your Bank is the zeal, dedication, passion for excellence and high motivation levels of the members of the CorpBank family. I place on record my appreciation for the staff and officers of your Bank at all levels, who made the performance possible.

Yours truly,

May 8, 2004

(K. Cherian Varghese)

www.reportjunction.com

SANSCO SERVICES - Annual Reports Library Services - www.sansco.net

कार्पोरेशन बैंक
कार्पोरेट कार्यालय : मंगलादेवी मंदिर मार्ग
मंगलूर - 575 001
द.क. जिला, कर्नाटक राज्य, भारत

सूचना

कार्पोरेशन बैंक (शेयर और बैठक) विनियम, 1998 के विनियम 56 के अनुसरण में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्पोरेशन बैंक के शेयरधारकों की सातवीं वार्षिक सामान्य बैठक शुक्रवार, 25 जून, 2004 को अपराह्न 12.15 बजे, सहस्राब्दि भवन, कार्पोरेशन बैंक, प्रधान कार्यालय, पांडेश्वर, मंगलूर में संपन्न होगी जिसमें निम्नलिखित मदों पर विचार विमर्श किया जाएगा:

मद सं. 1. बैंक के 31.03.2004 के तुलन-पत्र, 31 मार्च 2004 को समाप्त वर्ष हेतु बैंक के लाभ-हानि लेखा, लेखों में समाहित अवधि के लिए बैंक के कार्य-निष्पादन तथा क्रियाकलापों पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट और तुलन-पत्र एवं लेखों पर लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट पर विचार विमर्श करना।

मद सं. 2. बैंक के शेयरधारकों से प्राप्त वैध नामांकनों पर विचार करना तथा श्री एस. बी. माथुर, अध्यक्ष, भारतीय जीवन बीमा निगम के त्यागपत्र के कारण उत्पन्न रिक्ति पर राष्ट्रीयकृत बैंकों के खंड 11 बी (प्रबंधन एवं विविध उपबंधों) योजना, 1980, यथापठित बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949, बैंककारी कंपनियां (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1980, एवं कार्पोरेशन बैंक (शेयर एवं बैठक) विनियम, 1998 के प्रावधानों के अनुसार केन्द्र सरकार के अलावा बैंक के शेयरधारकों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक निदेशक को पदभार ग्रहण करने की दिनांक से 24 जुलाई 2005 तक के लिए निर्वाचित करना।

के चेरियन वर्गीज़
(के. चेरियन वर्गीज़)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान : मंगलूर
दिनांक : 07-05-2004

Report Junction.com

नोट

1. प्रॉक्सी की नियुक्ति

जिस शेयरधारक को बैठक में भाग लेने और वोट देने का अधिकार है, उसे, अपने स्थान पर बैठक में भाग लेने तथा वोट देने के लिए एक प्रॉक्सी नियुक्त करने का भी अधिकार है तथा ऐसे प्रॉक्सी का कार्पोरेशन बैंक का शेयरधारक होना आवश्यक नहीं है। परन्तु, इस प्रकार नियुक्त प्रॉक्सी को बैठक में बोलने का कोई अधिकार नहीं होगा। प्रॉक्सी के रूप में ऐसे किसी भी व्यक्ति की नियुक्ति नहीं की जाएगी जो कि कार्पोरेशन बैंक का एक कर्मचारी या अधिकारी हो । प्रॉक्सी की सूचना प्रभावी होने हेतु प्रॉक्सी फार्म बैठक प्रारंभ होने से **कम-से-कम चार दिन** पहले, अर्थात् **शनिवार, 19 जून, 2004** को कार्यालय समय की समाप्ति अर्थात् **अपराह्न 5.00 बजे** से पहले बैंक के प्रधान कार्यालय में प्राप्त हो जाना चाहिए ।

2. प्राधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति

बैंक के शेयरधारक किसी कंपनी निकाय के विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कोई भी व्यक्ति, बैठक में भाग लेने और मतदान करने हेतु तब तक पात्र नहीं होगा, जब तक उसे विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त करनेवाले संकल्प की प्रति, बैठक के अध्यक्ष द्वारा जिस में बैठक वह पारित किया गया हो उसकी प्रमाणित सत्यप्रति, बैठक की तिथि से कम से कम **चार दिन** पहले अर्थात् **शनिवार, 19 जून, 2004** को कार्यसमय की समाप्ति, अर्थात् **अपराह्न 5.00 बजे** या उससे पूर्व मुख्य प्रबंधक, कार्पोरेशन बैंक, निवेशक सेवा विभाग, प्रधान कार्यालय, मंगलूर - 575 001 में प्रस्तुत कर दी जाए ।

3. उपस्थिति पत्रक-सह-प्रवेश पत्र

शेयरधारकों की सुविधा हेतु उपस्थिति पत्रक-सह-प्रवेश पत्र इस सूचना के साथ अनुबंधित है । शेयरधारकों/प्रॉक्सीधारकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे उसे भरकर उसमें निर्धारित स्थान पर अपने हस्ताक्षर करें और उक्त उपस्थिति पत्रक बैठक-स्थान पर सौंप दें । शेयरधारकों के प्रॉक्सी/प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थिति पत्रक-सह-प्रवेश पत्र में यथास्थिति **"प्रॉक्सी"** या **"प्राधिकृत प्रतिनिधि"**, जैसा भी मामला हो, उल्लिखित करें ।

4. शेयरधारक-रजिस्टर को बंद करना

कार्पोरेशन बैंक (शेयर एवं बैठक) विनियम 12, 1998 के अनुसरण में बैंक ने पहले ही इण्डियन एक्सप्रेस, फाइनेन्शियल एक्सप्रेस व उदयवाणी (क्षेत्रीय दैनिक) समाचार पत्रों में 4 मई, 2004 को अधिसूचना जारी कर दी है कि बैंक

www.reportjunction.com

SANSCO SERVICES - Annual Reports Library Services - www.sansco.net

CORPORATION BANK

CORPORATE OFFICE: MANGALADEVI TEMPLE ROAD,
MANGALORE - 575001
D. K. DIST., KARNATAKA STATE, INDIA.

NOTICE

NOTICE IS HEREBY GIVEN pursuant to Regulation 56 of the Corporation Bank (Shares and Meetings) Regulations, 1998 that the Seventh Annual General Meeting of the Shareholders of CORPORATION BANK will be held on Friday, the 25th June 2004 at 12.15 hours at Millennium Building, Corporation Bank, Corporate Office, Pandeshwar, Mangalore - 575 001, to transact the following business:

Item No.1: To discuss the Balance Sheet of the Bank as at 31st March 2004, Profit and Loss Account of the Bank for the year ended 31st March 2004, the Report of the Board of Directors on the working and activities of the Bank for the period covered by the Accounts and the Auditors' Report on the Balance Sheet and Accounts.

Item No.2: To consider the valid nominations received from the shareholders of the Bank and elect ONE Director representing the shareholders of the Bank other than the Central Government, in the vacancy caused by the resignation of Shri S.B. Mathur, Chairman of Life Insurance Corporation of India, to hold office from the date of assumption of such office till 24th July 2005, in terms of Clause 11B of the Nationalised Banks (Management & Miscellaneous Provisions) Scheme, 1980, read with the Banking Regulation Act, 1949, the Banking Companies (Acquisition & Transfer of Undertakings) Act, 1980 and Corporation Bank (Shares and Meetings) Regulations, 1998.

Place : Mangalore
Date : 07.05.2004

(K. Cherian Varghese)
CHAIRMAN & MANAGING DIRECTOR

ReportJunction.com

NOTES

1. APPOINTMENT OF PROXY

A SHAREHOLDER ENTITLED TO ATTEND AND VOTE AT THE MEETING, IS ALSO ENTITLED TO APPOINT A PROXY TO ATTEND AND VOTE INSTEAD OF HIMSELF/ HERSELF, AND SUCH A PROXY NEED NOT BE A SHAREHOLDER OF THE BANK. HOWEVER, THE PROXY SO APPOINTED WILL NOT HAVE ANY RIGHT TO SPEAK AT THE MEETING. NO PERSON SHALL BE APPOINTED AS A PROXY WHO IS AN OFFICER OR AN EMPLOYEE OF CORPORATION BANK. The proxy form, in order to be effective, must be received by the Bank at its Head Office, **not later than FOUR DAYS** before the date of the meeting, i.e. on or before the closing hours i.e. **5.00 p.m. of Saturday, 19th June 2004.**

2. APPOINTMENT OF AN AUTHORISED REPRESENTATIVE

No person shall be entitled to attend or vote at the Meeting as a duly authorized representative of any body corporate which is a shareholder of the Bank, unless a copy of the resolution appointing him/her as a duly authorized representative, certified to be true copy by the Chairman of the meeting at which it was passed shall have been deposited at the Head Office of the Bank with the Chief Manager, Corporation Bank, Investor Services Department, H.O., Mangalore - 575 001 not later than **FOUR DAYS** before the date of the Meeting i.e., on or before the closing hours i.e. **5.00 p.m. of Saturday, 19th June 2004.**

3. ATTENDANCE SLIP - CUM - ENTRY PASS

For the convenience of the shareholders, Attendance Slip-cum-Entry Pass is annexed to this notice. Shareholders/Proxy holders/ Authorized Representatives are requested to fill in and affix their signatures at the space provided therein and surrender the same at the venue. Proxy/ Authorized Representative of shareholders should state on the Attendance Slip-cum-Entry Pass as **"Proxy"** or **"Authorized Representative"** as the case may be.

4. CLOSURE OF REGISTER OF SHAREHOLDERS

Pursuant to Regulation 12 of the Corporation Bank (Shares and Meetings) Regulations, 1998, the Bank has already issued notification on 4th May 2004 in Indian Express, Financial Express and Udayavani (Regional Daily) newspapers, that the Register of Shareholders and the Share Transfer Books of the Bank will remain closed from **Tuesday the 11th May 2004 to Friday the 14th May 2004 (both days inclusive)** in connection with the Seventh Annual General Meeting and for the purpose of determining the

www.reportjunction.com

SANSCO SERVICES - Annual Reports Library Services - www.sansco.net

का शेयरधारक-रजिस्टर और शेयर अंतरण बहियाँ, 7वीं वार्षिक सामान्य बैठक के सिलसिले में तथा बैंक द्वारा घोषित लाभांश, अगर कोई है, उसे प्राप्त करने हेतु पात्र शेयरधारकों के निर्धारण करने के प्रयोजनार्थ एवं उक्त वार्षिक सामान्य बैठक में वोट देने के लिए अधिकार का निर्धारण करने हेतु कार्पोरेशन बैंक (शेयर एवं बैठक) के विनियम 68(i) के अनुसार **मंगलवार, 11 मई, 2004 से शुक्रवार, 14 मई, 2004 तक (दोनों दिनों सहित)** बंद रहेंगी।

5. लाभांश का भुगतान

बैंक के निदेशक बोर्ड द्वारा घोषित अन्तिम लाभांश, यदि कोई है, का भुगतान उन शेयरधारकों को किया जाएगा जिनके नाम **10 मई, 2004** को बैंक के शेयरधारक /एनएसडीएल/सीडीएसएल द्वारा प्रस्तुत हिताधिकारी स्वामियों के रजिस्टर में मौजूद हैं । ऐसे शेयरधारकों को अंतिम लाभांश वारंट, बैंक द्वारा शेयर अंतरण एजेंट, अर्थात् कार्वी कन्सेलटेन्ट्स लिमिटेड के माध्यम से लाभांश घोषित करने की तारीख से 30 दिनों के भीतर प्रेषित किए जाएंगे ।

6. लाभांश वारंट/इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन सेवा (जमा समाशोधन) के सम्बंध में बैंक खाते के विवरण - (ईसीएस)

सेबी ने बैंकों सहित सभी सूचीबद्ध कंपनियों के लिये यह अनिवार्य बनाया है कि वे लाभांश वारंट संवितरित करते समय लाभांश वारंट में शेयरधारकों द्वारा प्रस्तुत बैंक खाता विवरण तथा जहाँ कहीं उपलब्ध हो इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन सेवा (ईसीएस) सुविधा का उपयोग करने हेतु उल्लिखित करें । कुछ केन्द्रों में ईसीएस सुविधा की अनुपस्थिति में तथा कुछ शेयरधारकों द्वारा ऐसी सुविधा का लाभ न उठाने की स्थिति में बैंक, उनके पास लाभांश वारंटों में उपलब्धानुसार बैंक विवरण मुद्रित करेंगे ।

जो शेयरधारक शेयरों को कागज़ी रूप में धारित करते हैं, वे ज़रूरी रिकार्डों को अद्यतन करने हेतु अपने बैंक अधिदेश विवरण को बैंक के निवेशक सेवा विभाग या हमारे शेयर अंतरण एजेंट मेसर्स कार्वी कन्सेलटेन्ट्स लि., हैदराबाद को भेजें। शेयरधारक जो शेयरों को डी-मेट रूप में धारित करते हैं, वे इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई हेतु डिपॉज़िटरी सहभागी से संपर्क करें । ईसीएस अधिदेश/बैंक अधिदेश का प्रोफार्मा वार्षिक रिपोर्ट में उल्लिखित है।

7. तुलन-पत्र की प्रतियाँ

शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक सामान्य बैठक के समय वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियां वितरित नहीं की जाएंगी, इसलिए शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे बैंक द्वारा उनके पंजीकृत पते पर डाक से भेजी वार्षिक रिपोर्ट की प्रति साथ लेकर आएं ।

8. अन्य सूचना

शेयरधारक कृपया ध्यान दें कि बैठक में कोई उपहार/उपहार-कूपन नहीं वितरित किया जाएगा ।

9. शेयरधारकों के मतदान अधिकार

कार्पोरेशन बैंक (शेयर एवं बैठक) विनियम, 1998 के विनियम 68(i) में कार्पोरेशन बैंक के शेयरधारकों के मतदान अधिकार उल्लिखित किये गये हैं। प्रत्येक शेयरधारक जो 7वीं वार्षिक सामान्य बैठक की तारीख से पहले, रजिस्टर के बंद होने की तारीख को शेयरधारक के रूप में पंजीकृत है, को हाथ उठाकर एक वोट तथा मतदान के मामले में उसके द्वारा धारित प्रत्येक शेयर हेतु एक वोट होगा ।

बैंककारी कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1980 की धारा 3(2ई) के प्रावधानों के अनुसार, केन्द्रीय सरकार को छोड़कर, बैंक का कोई भी शेयरधारक, उसके द्वारा धारित शेयर, शेयरधारकों के कुल मतदान अधिकारों के एक प्रतिशत से अधिक होनेपर शेयरधारक सभी अपने द्वारा धारित किन्हीं शेयरों के सम्बन्ध में वोट देने हेतु पात्र नहीं होगा।

सूचना के मद सं. 2 में उल्लिखित कारोबार के संबंध में महत्वपूर्ण तथ्यों को स्पष्ट करने सम्बन्धी व्याख्यात्मक विवरण संलग्न है।

व्याख्यात्मक कथन

24 जुलाई, 2002 को आयोजित बैंक की पाँचवीं वार्षिक सामान्य बैठक में शेयरधारकों ने बैंककारी कंपनियां (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1980 की धारा 9(3)(i) के तहत प्रावधानों के अनुसार, अपने बीच से छः निदेशकों को निर्वाचित किया था। इस प्रकार शेयरधारकों द्वारा निर्वाचित निदेशकों की पदावधि पदग्रहण से 3 वर्ष, अर्थात 25-7-2002 से 24-7-2005 तक थी।

24 जुलाई, 2002 को आयोजित 5वीं वार्षिक सामान्य बैठक में निर्वाचित निदेशकों में से एक श्री एस बी माथुर, अध्यक्ष, भारतीय जीवन बीमा निगम के त्यागपत्र के कारण एक रिक्ति उत्पन्न हुई है । अतएव, केन्द्रीय सरकार को छोड़कर शेयरधारकों द्वारा अपने में से एक नया निदेशक निर्वाचित किया जाना है।

राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1980 के खण्ड 11 बी. के अनुसार किसी निर्वाचित निदेशक की पदावधि के पूर्व यदि कोई रिक्ति होती है, यह रिक्ति निर्वाचन द्वारा भरी जाएगी। परन्तु जहां रिक्ति की अवधि 6 माह से कम है वहां यह रिक्ति शेष निदेशकों में से भरी जाए साथ ही उपरोक्तानुसार निर्वाचित अथवा सहयोजित व्यक्ति अपने पद पूर्ववर्ती पदस्थ पदधारी की असमाप्त अवधि के लिए पदभार संभालेगा।

चूँकि श्री एस बी माथुर की शेष कार्यकाल अवधि 6 माह से अधिक है, अतएव शेयरधारकों में से एक व्यक्ति का श्री एस बी माथुर के शेष कार्यकाल की अवधि के लिए अर्थात् 24 जुलाई, 2005 तक के लिए एक निदेशक का चयन किया जाना है।

कार्पोरेशन बैंक (शेयर एवं बैठक) विनियमन 1998 के विनियम 63 के अनुसार "बैंक की सामान्य बैठक में एक निदेशक का निर्वाचन किया जाएगा।"

www.reportjunction.com